कोटद्वार, शुक्रवार
17 नवम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 198 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार


www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## उत्तरकाशी में भूकंप के झटकों से दहशत



**उत्तरकाशी(सं)।** उत्तरकाशी जिले में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। गुरुवार आधी रात को 2 बजकर 2 मिनट पर आए भूकंप के झटकों से स्थानीय लोग सहम उठे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मैग्नीट्यूड मापी गई। भूकंप का केंद्र बिंदु जिले के मोरी तहसील में सांकरी के सिंगतूर रेंज वन क्षेत्र में रहा। गुरुवार की रात आए भूकंप का अक्षांशः 31.04 उत्तर दिशा तथा देशांतरः 78.23 पूर्व दिशा में जमीन के पांच किमी अंदर रहा। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार, भूकंप के झटके जिला मुख्यालय सहित तहसील मोरी, पुरोला, बड़कोट क्षेत्र में महसूस किए गए। जबकि अन्य जगहों पर भूकंप का झटके महसूस नहीं हुए। जिले में भूकंप से कहीं किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। आधी रात को आए भूकंप से लोग सहमे दिखे। कई जगहों पर लोग भूकंप झटके महसूस होने पर रात डर के मारे घरों से बाहर निकल आए।

## दो करोड़ महिलाओं को बनाएंगे लखपतिः पीएम

### विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ गिनाते हुए पीएम का ऐलान

**रांची, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) के मौके पर झारखंड में विकसित भारत के लिए चार अमृत मंत्र दिए हैं। प्रधानमंत्री ने खूंटी पहुंचकर 7200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश की दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ हैं।

इन चार स्तंभों को हम जितना मजबूत करेंगे, विकसित भारत की इमारत भी उतनी ही ऊंची उठेगी। उन्होंने कहा कि चार अमृत स्तंभों में पहला भारत की महिलाएं, हमारी नारीशक्ति है। दूसरा भारत के किसान, हमारे पशुपालक, हमारे मछली पालक, हमारे अन्नदाता। तीसरा भारत के नौजवान, हमारी युवा शक्ति और चौथा भारत का मध्यम वर्ग, भारत के गरीब हैं। उन्होंने बताया कि कैसे चारों स्तंभों को मजबूत करने के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि कैसे केंद्र सरकार प्रिमिटिव ट्राइब के संरक्षण



और विकास के लिए काम कर रही है।

मोदी ने नल जल योजना, उज्ज्वला योजना , गांव में बिजली और विकास के लिए चलाई गई योजनाओं का जिक्र किया। अपने एक दिवसीय दौरे में उन्होंने आदिवासियों के कल्याण को लक्ष्य बनाने की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय का भरोसा तभी मिलता है, जब सबको बराबरी से, समान भावना से सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। आज से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। यह यात्रा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती से शुरू होकर अगले साल 26 जनवरी तक चलेगी। इस यात्रा में सरकार मिशन मोड़ में देश के गांव-गांव जाएगी, हर गरीब, हर वंचित को सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनाया जाएगा।

जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई। सरकार की प्रमुख कल्याणकारी कार्यक्रमों के संदेश प्रचारित करने वाली पांच विशेष रूप से डिजाइन की गई वैन खूंटी जिले और आसपास के क्षेत्रों में स्थित बड़ी आदिवासी आबादी वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों से रवाना की गईं। इसी तरह की आईईसी वैनों को देश भर के बड़ी आदिवासी आबादी वाले 68 जिलों से राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों जैसे महत्त्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान जनजातीय समूह मिशन शुरू किया, जिस पर करीब 24 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## आचार संहिता लगने के 37 दिनों के भीतर 607 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त




**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगने के बाद 37 दिनों में प्रदेश में 607 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है जो गत विधानसभा चुनाव के समय की जब्ती से अब तक करीब 870 प्रतिशत अधिक हैं। राज्य के निर्वाचन विभाग के अनुसार प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

## रेस्क्यू कार्य में लगी सभी टेक्निकल एजेंसियों को हर संभव सहयोग दिया जाए : सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा में चल रहे हैं रेस्क्यू ऑपरेशन पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कमिश्नर गढ़वाल, आईजी गढ़वाल एवं राहत एवं बचाव में लगी एजेंसियों से सिलक्यारा में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन तथा टनल में फंसे श्रमिकों की कुशलक्षेम की हर पल की अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेस्क्यू कार्य में लगी सभी टेक्निकल एजेंसियों को हर संभव सहयोग दिया जाय। गढ़वाल कमिश्नर को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रेस्क्यू कार्य में किसी भी प्रकार से विलंब न हो, मौके पर कार्य कर रही एजेंसियों को राज्य की तरफ़ से सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाये। मुख्यमंत्री बचाव कार्यों में लगी एजेंसियों और जिलाधिकारी



उत्तरकाशी से भी समय-समय पर अपडेट ले रहे हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव श्री आर.मीनाक्षी सुंदरम, गढ़वाल कमिश्नर श्री विनय शंकर पांडेय एवं सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

## दिल्ली में छठ की तैयारीः 1000 से ज्यादा घाट तैयार



**नई दिल्ली , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में महापर्व छठ की तैयारी सरकार की ओर से लगभग पूरी हो चुकी है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने जानकारी देते हुए कहा कि यहां एक हजार से ज्यादा घाट तैयार किए गए हैं। वहीं उन्होंने कालिंदी कुंज में यमुना नदी का दौरा किया और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में बने घाटों पर ड्रोन की मदद से तैयारियों का जायजा लिया गया।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार छठ पूजा के महा आयोजन की तैयारी में जोर-जोर से जुटी हुई है। दिल्ली में 1000 से ज्यादा छठ घाट दिल्ली सरकार द्वारा बनाए गए हैं। जिससे कि छठ व्रती अपने घर के आसपास ही किसी घाट पर अर्घ्य दे सकें।


वहीं सोमनाथ भारती ने कहा कि मैंने आज कालिंदी कुंज बैराज के पास दिल्ली जल बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे यमुना नदी में डिफोमिंग के काम का जायजा लिया। बैराज के एक तरफ जहां कोई फोम नहीं है वहीं दूसरे तरफ यमुना नदी का पानी ऊंचाई से गिरने के कारण थोड़ा फोम बन जाता है।

भाजपा पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह भी बता दूं कि कालिंदी कुंज बैराज का कंट्रोल भाजपा शासित उत्तर प्रदेश सरकार के पास है। वह शायद जानबूझकर बैराज के वही गेट खोलते हैं जो दिल्ली की तरफ हैं।

## एमपी में चोरी की सरकार चला रही भाजपाः खडगे

### मोदी–शाह पर किया प्रहार, कहा, झूठ बोलते हैं दोनों

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरम है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर करारा प्रहार किया है। मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह झूठ बोलते हैं। मध्य प्रदेश में तो वे चोरी की सरकार चला रहे हैं। सबसे ज्यादा भ्रष्ट तो पीएम मोदी और अमित शाह हैं। इस बार जनता बीजेपी को चुनाव हरा रही है, लोग त्रस्त हो चुके हैं। राम मंदिर के मुद्दे पर कांग्रेस नेता ने कहा कि ये मुद्दा बनाकर असल मुद्दों से भटकाने की कोशिश की जा रही है। ईडी की रेड पर बात करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सभी एजेंसी इनकी हैं। फिर चुनाव से छह महीने पहले पता नहीं चला क्या? नामांकन वापसी से



ठीक तीन दिन पहले रेड कराना और किसी भी ड्राइवर वगैरह या किसी अन्य को पकड़कर उससे हमारे खिलाफ जबरदस्ती बयान दिलवा रहे हैं।

इसको जनता अच्छी तरह से समझती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की लाल डायरी में अगर कुछ था तो पहले से नहीं पता था क्या? आज अचानक से पता चल रहा है।

### गहलोत बोले, हम काम के भरोसे जीत रहे चुनाव

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और बीजेपी के नेताओं के बीच जुबानी जंग बढ़ती जा रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद की गरिमा होती है, वह बयान के जरिये नेताओं पर छींटाकशी कर रहे हैं। पीएम मोदी मणिपुर क्यों नहीं गए। मणिपुर में आग लगी हुई थी और पीएम राजस्थान की जिक्र कर रहे थे। मोदी जी की सोच गंदी है और फासिस्ट है। हम काम के भरोसे ये चुनाव जीत रहे हैं।

### गठबंधन में मतभेद नहीं

लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को हराने के लिए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया में मतभेद को लेकर उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का मतभेद नहीं है। 2024 के लिए सभी साथ में होंगे। विधानसभा चुनाव में थोड़ा बहुत हो जाता है। नीतीश कुमार से भी मैंने बात की और उन्होंने भी समझा है कि कोई मतभेद नहीं है।

असल में इन लोगों ने देखा कि लाल डायरी में लिखा है कि कांग्रेस फिर से सरकार बना रही है तो ये लोग आरोप लगाने लगे। इसके साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष ने पांचों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि राजस्थान में अशोक गहलोत ने कई नीतियां लागू की हैं, जिसका बड़ा प्रभाव हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल तो लोगों के बीच ही रहते हैं तो निश्चित ही हमारी सरकार बनेगी।

# मुख्य सचिव ने की प्रदेश में बन रही सड़कों और पुलों की प्रगति समीक्षा



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरूवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश में बन रही सड़कों और पुलों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों को जोड़ने के लिए बनायी जा रही यह सड़कें बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं, इनका निर्धारित समयसीमा के अंदर बनाया जाना अति महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने इन सड़कों का कार्य पूरा करने के लिए जिलाधिकारी एवं डीएफओ को उच्च प्राथमिकता पर लेकर इन सड़कों का निर्माण प्रत्येक स्थिति में पूर्ण करने पर जोर दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलाधिकारी एवं डीएफओ लगातार बैठकें आयोजित कर योजनाओं के पूर्ण होने में आ रही समस्याओं को निस्तारित कर कार्य पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि कम समय में अधिक कार्य पूरा करने के लिए 2 या 3 शिफ्ट में कार्य पूरा कराया जा सके इसकी संभावनाएं भी तलाशी जाएं। उन्होंने मुख्य अभियंता एवं अन्य उच्चाधिकारियों को मौके पर जाकर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश भी दिए।

उन्होंने विभिन्न कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों को लगातार सम्बन्धित से सम्पर्क कर समस्याओं के निस्तारण किए जाने की बात कही।

मुख्य सचिव ने कहा उच्च प्राथमिकता के कार्यों को रूटीन कार्यों की भांति न कर प्रतिदिन उसके लिए समय निकालने की आवश्यकता है। कहा कि प्रतिदिन कार्यों में लगे श्रमिकों एवं मशीनों की संख्या की जानकारी लेकर बचे काम को समय पर समाप्त करने के लिए कितने श्रमिकों को बढ़ाने की आवश्यकता है, इसकी रिपोर्ट मांगी जाए।

इस अवसर पर सचिव श्रीमती राधिका झा सहित सम्बन्धित विभाग के अन्य अधिकारी एवं जनपदों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी उपस्थित थे।



# कैलाश खेर और कन्हैया मित्तल के भजनों ने किया मंत्रमुग्ध

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती के सान्निध्य में मेहन्दीपुर बालाजी, रोहिणी दिल्ली में संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गायक पद्मश्री कैलाश खेर का सूफी संगीत और भजन सम्राट कन्हैया मित्तल के भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। धार्मिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि भारत बंदूक या तलवार से नहीं बल्कि सनातन संस्कृति और संस्कारों के दम पर विश्व गुरु बनेगा। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने जिस प्रकार से दीपावली मनाई वह पूरे हिंदू धर्म के लिए गर्व का विषय है।

# राइंका ग्वासा के भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सीएम को ज्ञापन भेजा

विकासनगर। ग्वासापुल स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के भवन निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तराखंड को भेज शीघ्र भवन निर्माण कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि सात वर्ष पूर्व स्कूल का इंटर कॉलेज में उच्चीकरण हुआ है, लेकिन अब तक स्कूल भवन का निर्माण नहीं हुआ, जिसके चलते बच्चे हाईस्कूल के पुराने जर्जर हो चुके भवन में ही पढ़ने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री के को प्रेषित ज्ञापन में ग्रामसभा मोहना के ग्रामीणों ने बताया कि उनके क्षेत्र में वर्ष 2004 में हाईस्कूल स्वीकृत हुआ, जिसके बाद वर्ष 2016 में इंटर कॉलेज में उच्चीकरण हुआ। बताया कि हाईस्कूल का भवन तो तभी बन गया था, लेकिन आज तक इंटर कॉलेज का भवन निर्माण नहीं हो पाया है। कालेज में 172 छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिन्हे हाईस्कूल के पुराने जर्जर हाल भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। ऐसे में छात्र–छात्राओं की पढ़ाई बाधित होती है। ज्ञापन में बताया कि कई बार जगह के आभाव में कई बार तो छात्र छात्राओं खुले आसमान के नीचे शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। ग्रामीणों नले ज्ञापन में बताया कि कई बार लोग शिक्षा विभाग के अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों से इस बाबत गुहार लगा चुके है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वह मुख्यमंत्री से भी कई बार इस ओर कार्यवाही की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई लाभ नही हुआ। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मांग करते तत्काल स्कूल भवन का निर्माण करवाने की मांग की है। ज्ञापन भेजने वालों में पूर्व प्रधान केशर सिह रमेश, चमन सिह, लाल सिह, कीर्ति सिह, चन्दन सिह, आनंद सिह, सुरेश, अरविंद सिह, जयपाल सिह आदि शामिल रहे।

### डाक वितरण में लापरवाही पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम को घेरा

विकासनगर। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डाक विभाग पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पोस्टमास्टर का घेराव किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि विभागीय कर्मी समय पर डाक उपलब्ध नहीं कराते हैं, कई बार डाक कर्मी महत्वपूर्ण डाक भी दूसरे लोगों को थमा देते हैं। युवा कांग्रेस के विधान सभा अध्यक्ष यश शर्मा ने कहा कि डाककर्मी अपने कार्य में घोर लापरवाही बरत रहे हैं। कई बार भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों को समय पर उपलब्ध नहीं होते हैं।

# जिलाधिकारी गर्ब्याल ने की ई–आफिस संचालन की प्रगति समीक्षा

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को विकास भवन सभागार में ई–आफिस की प्रगति के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने ई–आफिस की प्रगति के सम्बन्ध में प्रत्येक विभाग के अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा ई–आफिस के सन्दर्भ में क्या कार्रवाई की जा रही है, के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली। इस पर जिलाधिकारी ने जिस हिसाब से ई–आफिस संचालन की प्रगति होनी चाहिये थी, उस हिसाब से विभिन्न विभागों की ई–आफिस संचालन की प्रगति न होने पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक विभाग एनआईसी तथा आईटीडीए के माध्यम से अपने–अपने सम्बन्धित कार्मिकों का यूजर आईडी एक सप्ताह के भीतर बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये कि आपको जो भी फाइल प्रस्तुत करनी है, तो उसे ई–आफिस के माध्यम से ही प्रस्तुत करें तथा भविष्य में अगर किसी कार्मिक को आकस्मिक अवकाश आदि लेना होगा, तो उसकी स्वीकृति भी ई–आफिस के माध्यम




से ही दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, डीईएसटीओ नलिनी ध्यानी, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, मुख्य उद्यान अधिकारी ओम प्रकाश, जिला समाज कल्याण अधिकारी टी0आर0 मलेठा, प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया, अपर सांख्यिकीय अधिकारी सुभाष शाक्य, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सुश्री मंजू, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान मदन सेन, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई विष्णुदत्त वेंजवाल, अधिशासी अभियनता पेयजल निगम सी0पी0एस0 गंगवार, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड रूड़की पी0एस0 नौटियाल, ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक चौहान सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# ‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’ आज विकासनगर के जनजातीय गांव आदुवाला,शाहपुर कल्याणपुर पहुंची

देहरादून। जनजातीय क्षेत्र के लिए संचालित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचाने के उद्देश्य से ‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’ आज विकास खंड विकासनगर के जनजातीय गांव आदुवाला,शाहपुर कल्याणपुर पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सर्वप्रथम वंचति लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का संकल्प है। उसके बाद वंचित समुदायों और प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं से संतृप्ति करने का लक्ष्य रखा गया है। ‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’ रथ का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ लेकर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आदुवाला एवं शाहपुर में




आयोजित कार्यक्रम में सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को दी गई। तथा सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। रेखीय विभागों के द्वारा अपने अपने विभागों के विभागीय स्टॉल स्थापित कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जनजातीय समुदाय को लाभान्वित किया गया।

आदुवाला में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 130 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा आवश्यक परामर्श के बाद जरूरी दवाईयों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त 70 जरूरत मंद लोगों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनाएं गए। कृषि विभाग के द्वारा 10 काश्तकारों को कृषि यंत्र वितरित किए गए। उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत 12 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दो पेंशन प्रकरणों की औपचारिकताओं को पूर्ण कराया गया। पंचायतीराज विभाग द्वारा 5 परिवार रजिस्टर की नकल जारी की। उधर शाहपुर कल्याणपुर में आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सौ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा जरूरी परामर्श के बाद आवश्यक ओषधि दी गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 67 महिलाओं को घरेलू गैस सिलेंडर की आवश्यकता औपचारिकताएं पूर्ण कराई गई। विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 27 महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

## अभाविप ने उठाई परीक्षा आवेदन व परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग

**कोटद्वारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थानीय इकाई के सदस्यों ने निदेशक उच्च शिक्षा से परीक्षा आवेदन व परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है। कहा कि छात्रों के हितों को देखते हुए इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

इस संबध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से निदेशक उच्च शिक्षा को प्रेषित ज्ञापन में परिषद के सदस्यों ने कहा है कि महाविद्यालय में 7 नवंबर को छात्र संघ चुनाव व इसके बाद दीपावली का पर्व होने के कारण अवकाश था। अवकाश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र–छात्रा परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भर पाए।

ऐसे में छात्र हित को देखते हुए परीक्षा आवेदन व परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में विकास, अजय, ईशा,अक्षित और दीपक आदि शामिल रहे।

## आदिति व प्रियंका दौड़े सबसे तेज

**पौड़ीः** इंटर कॉलेज चेलुसैंण में दो दिवसीय खेल महाकुंभ के तहत आयोजित 100 मीटर दौड़ में आदिति और 300 मीटर में प्रियंका भंडारी ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि कबड्डी में संकुल स्तरीय सुरालडी ने बाल भारती को शिकस्त दी। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन ग्राम प्रधान आरती देवी ने किया। ज्येष्ठ उप प्रमुख रविंद्र रावत ने अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य वीरेंद्र गिरी, पीटीआई अध्यक्ष विनीता कंडारी, प्रभाकर रावत आदि भी मौजूद रहे।

## शहीद स्मारक बनवाने की उठाई मांग

**कोटद्वारः** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने नगर निगम क्षेत्र में शहीद स्मारक बनाने की मांग की है। इस संबध में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत की ओर से महापौर व नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि सेना में सेवारत रहने पर जवान देश की आन, बान, शान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहता है और इसकी रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान भी देता है। वहीं सेवानिवृत्त होने पर भी सैनिक के मन में राष्ट्र प्रेम हमेशा बना रहता है। ऐसे में निगम क्षेत्र में शहीद स्मारक का निर्माण कराया जाना चाहिए।

# वन विभाग के दावे हवाई, आबादी में धमक रहे जंगली जानवर

**लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र से सटे आबादी इलाकों में बनी है समस्या, शिकायत के बाद भी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा महकमा**

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** वन विभाग के लाख दावो के बाद भी आबादी में जंगली जानवरों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। हालत यह है कि लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र से सटे सनेह, कुंभीचौड़ व रामपुर में इन दिनों हाथी व गुलदार की धमक बनी हुई है। आए दिन जंगली जानवर वार्डवासियों को आबादी में घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। शिकायत के बाद भी वन विभाग समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा।

सनेह, कुंभीचौड़ व रामपुर का आधिकांश भाग लैंसडौन वन प्रभाग से सटा हुआ है। नतीजा आए दिन जंगली जानवर आबादी में पहुंच रहे है। आबादी में जंगली जानवरों की धमक को रोकने के लिए क्षेत्र में लाखों की लागत से सुरक्षा दीवार व फेंसिंग लाइन भी बिछाई गई थी। लेकिन, वर्तमान में यह भी केवल शोपीस बनी हुई है। कुंभीचौड़ वासियों ने बताया कि शाम ढलते ही कई बार हाथी व गुलदार सड़क पर घूमता हुआ दिखाई देता है। इससे आवाजाही करने वालों को खतरा बना हुआ है। वहीं, सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त होने से हाथी भी आबादी में पहुंच रहे हैं। वन विभाग की सुरक्षा दीवार केवल शोपीस बनी हुई है। जंगल की ओर से सुरक्षा दीवार पर मिट्टी जमा हो गई थी। जिसे लांघकर हाथी आसानी से आबादी में पहुंच रहा है।



कोटद्वार के सनेह क्षेत्र में हाथी द्वारा तोड़ी गई हाथी सुरक्षा दीवार

### गुलदार की भी बनी है धमक

लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र से सटे कुंभीचौड़ व सनेह क्षेत्र में गुलदार की भी धमक बनी हुई है। वहीं, भाबर के कलालघाटी में भी आए दिन गुलदार घूमता हुआ नजर आता है। कुछ दिन पूर्व गुलदार ने एक बछिया को भी अपना निवाला बना दिया था। दहशत में जी रहे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है।

### खराब पड़ी हैं स्ट्रीट लाइट

सनेह क्षेत्र में जंगल के आसपास लगी स्ट्रीट लाइट पिछले कई माह से खराब पड़ी हुई है। नतीजा शाम ढलते ही सड़क पर पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। जिससे जंगली जानवरों का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। क्षेत्रवासी स्ट्रीट लाइट ठीक करवाने के लिए कई बार नगर निगम से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, नगर निगम लापरवाह बना हुआ है। ऐसे में कब

# हाईवे पर हाथी को देख घबराया युवक, बाइक अनियंत्रित होने से हुई मौत

- **गुरुवार को कोटद्वार- दुगड्डा के मध्य लालपुल के समीप हुआ हादसा**
- **सतपुली के खैरासैंण स्थित इंटर कॉलेज में लैब टेक्नीशियन था युवक**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार–दुगड्डा मोटर मार्ग पर लालपुल के पास गुरुवार सुबह को अचानक हाथी के आ जाने से वहां से गुजर रहा बाइक सवार घबरा गया। घबराहट में उसके बाइक के ब्रेक लगाने से बाइक सड़क पर अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक के साथ ही युवक के भी सड़क पर गिरने से उसके सिर व छाती पर चोटें आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

युवक की पहचान कोटद्वार के प्रताप नगर निवासी 34 वर्षीय सतेंद्र के तौर पर हुई है। वह सतपुली के खैरासैंण स्थित इंटर कालेज में लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनात था। गुरूवार सुबह तड़के वह बाइक से सतपुली के लिए निकला कि अचानक लाल पुल के पास जंगल से निकलकर हाथी सड़क पर आ गया। हाथी को देखकर सतेंद्र ने घबराहट में तेजी से बाइक के ब्रेक लगा दिए।



दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरी मोटरसाइकिल

### आए दिन हाईवे पर धमक रहा हाथी

लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र से सटे कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन हाथी धमक रहा है। ऐसे में वाहन चालकों को लगातार खतरा बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथी के आजाने से कई घंटों तक जाम की स्थिति भी बनी रहती है। सबसे अधिक खतरा रात से समय बना रहता है। पूर्व में क्षेत्र में हाथी कई लोगों पर हमला कर चुका है।

अचानक ब्रेक लगने से बाइक अनियंत्रित हो गई और सतेंद्र सड़क पर गिर पड़ा। सड़क पर गिरने से उनके सिर व छाती पर गंभीर चोटें आ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं घटना के बाद उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

# अंजान को न दें बैंक से संबंधित जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को साइबर अपराध और इससे बचने के तरीकों पर जानकारी दी गई। कहा कि हमें किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक से संबंधित जानकारी नहीं देनी चाहिए।

कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र व अमेरिका में साइबर सुरक्षा कंपनी में नियुक्त तनुष ऐरन ने छात्रों को विभिन्न साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी और उनसे बचने के उपाय बताए। कहा कि साइबर अपराध के अंतर्गत हैकर किसी से भी उसका बैंक अधिकारी बनकर या अन्य प्रलोभन देकर उनकी रकम निकालने में सफल हो रहे हैं। इससे हमें सतर्क रहना चाहिए और अपनी बैंक संबंधी जानकारी किसी से भी साझा नहीं करनी चाहिए। प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने भी छात्र–छात्राओं से साइबर अपराधों से सावधान रहने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



कार्यशाला में साइबर अपराध की जानकारी देते विशेषज्ञ

# आईएचएमएस ने पूर्व छात्रों को किया सम्मानित, यादों को किया ताजा

**आईएचएमएस में आयोजित किया गया पूर्व छात्र मिलन समारोह**



आईएचएमएस में पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित करते सदस्य व अन्य

**कोटद्वारः** इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व छात्रों ने संस्थान में शिक्षा के दौरान शिक्षण के साथ ही विभिन्न गतिविधियों की यादों को ताजा किया। इस दौरान संस्थान प्रबंधन की ओर से सभी पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया।

गुरुवार को बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में आयोजित समारोह का संस्थान के एमडी बीएस नेगी, ईडी अजयराज नेगी और डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाईं ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह में पहले सभी पूर्व छात्रों का परिचय कराया गया। इसके बाद पूर्व छात्रों ने एक एक कर अपने अनुभव सांझा किए।

उन्होंने कहा कि संस्थान से शिक्षा लेने के बाद वे देश के जाने माने संस्थानों में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने सांस्कृतिक और अनेक मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में समा बांधा। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, कार्यक्रम समन्वयक कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष विजयश्री खुगशाल, आशुतोषधर द्विवेदी, सुरेंद्र जगवान, पूर्व छात्र नवीन किशोर, गुरदीप सिंह, अनुज नेगी, शिवांकर खुगशल, नितिन गुसाईं, मानसी जोशी, हेमराज सिंह नेगी, राकेश नेगी, हर्षमोहन सिंह, मुकेश गुसाईं, अंकित, विहान, आशीष रावत आदि मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में सुस्ती, डीएम ने जताई नाराजगी

**पौड़ीः** जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक में डीएम ने जल जीवन मिशन के कार्यो की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जल निगम व जल संस्थान के अफसरो को क्षेत्र में धीमी गति से कार्य करने वाले जूनियर इंजीनियर के नाम देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अफसरो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में 2778 में से 2318 योजनाओं पर कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 460 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। बैठक में बताया गया कि दो करोड़ की लागत वाली 58 योजनाओं में से केवल 23 योजनाओं के कार्य की प्रगति 50 प्रतिशत से अधिक है। पंपिंग योजनाओं के लिए विद्युत संयोजन स्थापित करने के लिए डीएम ने विद्युत विभाग के अफसरों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक में सीडीओ अपूर्वा पांडे, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम मो.मीशम, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान पीके सैनी, ईई जल संस्थान पौड़ी एसके राय, ईई जल निगम श्रीनगर दीक्षा नौटियाल, पीएम स्वजल दीपक रावत आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवसः जिला सूचना विभाग की ओर से पत्रकार गोष्ठी का आयोजन



चमोली। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर गुरुवार को जिला सूचना विभाग की ओर पत्रकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया विषय पर चर्चा की गई। गोष्ठी में पत्रकार बंधु की ओर से कृत्रिम मेधा से मीडियाकर्मियों को मिली सुविधा और चुनौतियों के विषय में चर्चा की गई। गोष्ठी में चर्चा के दौरान वक्ताओं ने कृत्रिम मेधा का उपयोग संवेदनशीलता और तथ्यों के साथ करने की बात पर जोर दिया। सूचना विभाग कार्यालय चमोली में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि जहां कृत्रिम मेघा की मदद से बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं इस तकनीकी विधा में संवेदनशीलता न होने की चुनौती बनी हुई है। वहीं तेजी से समाचारों के प्रसारण की चुनौती से पार पाने के लिए इस मेधा का उपयोग करना कई बार तथ्य विहीन सूचनाओं के प्रसारण की चुनौती बनी हुई है। ऐसे में जमीनी मीडियाकर्मियों को संवेदनशीलता और तथ्यात्मकता के साथ कृत्रिम मेघा के उपयोग की आवश्यकता है। वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश भट्ट ने कहा कि कृत्रिम मेधा के उपयोग से मीडिया कर्मियों की समाचारों की रचनात्मकता प्रभावित हुई है। साथ ही तकनीक के माध्यम शोध और अध्ययन की प्रवृत्ति भी प्रभावित हुई है। पत्रकार शेखर रावत और श्री जगदीश पोखरियाल ने कहा कि एआई के उपयोग से आज स्पॉट रिपोर्टिंग की प्रवृत्ति खत्म हो रही है। जिसके चलते समाचारों में तथ्यों का अभाव देखने को मिल रहा है। वक्ताओं ने कृत्रिम मेघा का उपयोग संवदेशीलता और तथ्यात्मकता के साथ करने की बात कही है। इस दौरान सूचना अधिकारी रवेंद्र सिंह नेगी ने कृत्रिम मेधा के प्रारम्भ और मीडिया में उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी।

# योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिलेः राजेश सिंह

चमोली। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं, नीतियों तथा उपलब्धियों को प्रत्येक गांव एवं वार्ड स्तर तक पहुंचाने के लिए आउटरीच कार्यक्रम अभियान तेज हो गया है। यह अभियान 23 से 26 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को केंद्रीय संयुक्त सचिव राजेश सिंह ने जनपद चमोली में समस्त अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल संचालन करते हुए वंचित लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। गोपेश्वर में कलक्ट्रेट सभागार में केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में आईईसी मोबाइल वैन के संचालन हेतु रूट चार्ट तैयार किया जाए। ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में कैंप आयोजित कर योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिन्हित करें और मौके पर ही पंजीकरण के साथ उनको लाभान्वित किया जाए। इस अभियान के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए। प्रत्येक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की फोटो, वीडियो के साथ इसकी पूरी रिपोर्ट पोर्टल पर भी अपलोड की जाए। मौके पर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रत्येक स्तर पर निगरानी समिति गठित करने और संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य कैंप एवं बहुउद्देशीय शिविर भी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी रेखीय विभागों को निर्देशित किया कि विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिन्हित किया जाए और मौके पर ही छूटे हुए पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी डॉ एलएन मिश्र ने बताया कि ग्राम पंचायत, ब्लाक एवं शहरी क्षेत्रों में निगरानी समितियों का गठन कर लिया गया है। जनपद की सभी 610 ग्राम पंचायतों एवं प्रत्येक नगर निकाय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आईईसी वैन के संचालन हेतु रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, सीडीओ डॉ एलएन मिश्र, जिला विकास अधिकारी केके पंत, डीएसटीओ विनय जोशी, सभी रेखीय विभागों के अधिकारियों सहित ब्लाक एवं नगर निकायों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कर्णप्रयाग अधिवक्ताओं ने एडीजे के कार्यकाल को सराहा

चमोली। कर्णप्रयाग के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) महेशचंद्र कोशिवा का देहरादून तबादला होने पर बार संघ ने कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एडीजे महेशचंद्र कोशिवा के कार्यकाल की सराहना की। गुरुवार को बार संघ के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बार संघ के अध्यक्ष रविंद्र पुजारी ने कहा कि कहा कि एडीजे महेशचंद्र कोशिवा ने न्यायप्रिय रहते हुए मामलों का त्वरित निस्तारण किया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन छवि बंसल ने न्यायिक कार्यों में मिले एडीजे के मार्गदर्शन की सराहना की। इस मौके पर एडीजे महेशचंद्र कोशिवा ने कहा कि साल 2003 में कर्णप्रयाग से ही न्यायिक सेवाओं की शुरुआत की। और एडीजे के तौर पर भी यहां सेवाएं दीं। कोशिवा ने कर्णप्रयाग में अधिवक्ताओं के काम को सहयोगपूर्ण बताया। इस मौके पर बार संघ के सचिव भुवन नौटियाल, उपाध्यक्ष आरएस पुंडीर, डीसी नैनवाल, जेपी पुरोहित, जेपी सेमवाल, आरएस नेगी, एसएस रावत, अशोक डिमरी, बीएल लडोला, गैरसैंण बार संघ के कुंवर सिंह बिष्ट, थराली बार संघ के हरेंद्र सिंह नेगी, केपी सती, दिनेश थपलियाल, संजय हटवाल, महानंद मैठाणी, त्रिभुवन भंडारी, राजेश देवली, पंकज कुमार, महावीर नेगी, महेश हटवाल, सुधा बिष्ट, दीपक कुमार, सतीश गैरोला, अनुज डिमरी आदि मौजूद थे।

## छात्र मनीष का कबड्डी प्रतियोगिता में चयन

नई टिहरी। अटल उत्कृष्ट राइंका चमियाला में अध्ययनरत 12वीं के छात्र मनीष का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये चयनित होने पर शिक्षक अभिभावक संघ और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने खुशी जताई है।

अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजपाल सिंह नेगी ने बताया कि देहरादून में चल रही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिये छात्र मनीष बीते बुधवार को देहरादून चले गये हैं। मनीष के चयन पर क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह, प्रधानाचार्य रबिन्द्र तनवर, सुमेर सिंह कैंतुरा, नपं अध्यक्ष ममता पंवार, दिनेश भजनियाल, ब्लॉक प्रमुख बसुमति घणता, गोविन्द सिंह राणा, वीरपाल बिष्ट, शिक्षक सुनील सिंह बिष्ट सहित कई लोगों ने खुशी जताई है।

# नैनबाग में डीएवी कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष का स्वागत किया


नई टिहरी। डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून के नव निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल का अपने गृह क्षेत्र नैनबाग पहुंचने पर छात्रों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से स्वागत किया। डीएवी पीजी कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल तहसील नैनबाग के कोड़ी गांव के मूल निवासी हैं, उनके पिता सुनील अग्रवाल राजस्व उप निरीक्षक के पद पर तैनात है, जबकि माता बीना अग्रवाल गृहणी है। बीते बुधवार देर शाम को छात्र संघ अध्यक्ष बनने के बाद नैनबाग पहुंचे सिद्धार्थ का राजकीय महाविद्यालय नैनबाग के निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष आकाश चौहान और रवांई जौनपुर जौनसार (आरजेजे) छात्र संघ पदाधिकारी ने स्वागत किया। नैनबाग के छात्र संघ अध्यक्ष ने कहा प्रदेश के सबसे बड़े महाविद्यालय डीएवी कॉलेज में इस बार नैनबाग क्षेत्र का युवा अध्यक्ष बना है,जिस पर नैनबाग क्षेत्र के लोगों को गर्व है। कहा सिद्धार्थ के छात्र संघ अध्यक्ष बनने से कॉलेज में छात्रों बेहतर



सुविधाएं मिलेंगी। मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख जौनपुर सरदार सिंह कंडारी, प्रधान नैनबाग दिनेश खन्ना, क्षेपंस नैनबाग अंजलि कैंतुरा, प्रदीप कवि,गंभीर सिंह रावत, देशपाल सिंह, जयवीर सिंह, धीरेंद्र पंवार, नैनबाग व्यापार मंडलध्यक्ष दिनेश तोमर, सुंदरलाल अग्रवाल ,अनिल रावत, रणवीर रावत, नरेंद्र पवार, मोहनलाल निराला, उपेंद्र सिंह, वीरेंद्र रमोला, नरेंद्र पंवार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नई टिहरी में कर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर गेट मीटिंग की

नई टिहरी। उत्तराचंल फैडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसो. से जुड़े टिहरी शाखा के कर्मचारियों ने लंबित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर गेट मीटिंग की। कर्मचारियों ने सरकार से जल्द सभी मांगों पर उचित कार्यवाही करने की मांग की। गुरुवार को उत्तराचंल फडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल संगठन से जुड़े विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने लोक निर्माण विभाग के 8वें वृत के दफ्तर के बाहर गेट मीटिंग कर लंबित मांगों पर चर्चा की। टिहरी शाखा के जिलाध्यक्ष राकेश भट्ट ने मिनिस्ट्रियल संवर्ग में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कुल स्वीकृत पदों पर 3 प्रतिशत पदों पर उच्चीकृत करने, अक्टूबर 2005 के बाद नियुक्त कार्मियों को अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित करने, मिनिस्टिरियल कार्मियों की वर्तमान कैडर संरचना के अनुसार पूरे प्रदेश में समान पदनाम और समान वेतनमान दिये जाने, विभागों में पदोन्नति हेतु समय सीमा का निर्धारण किया जाने सहित 21 सूत्रीय मांगों को कर्मचारियों के समक्ष रखा।



बताया कि उक्त मांगों को लेकर आगामी 7 दिसंबर को समस्त जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम होगा। 14 दिसंबर को समस्त जिलों मुख्यालयों में चेतना रैली का आयोजन किया जाएेगा। बावजूद सरकार मांगों का निस्तारण नहीं करती है तो कर्मचारी आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। मौके पर जिला सचिव पूरण सिंह राणा, राजीव नेगी, मनमोहन पडियार, चंद्रशेखर नारायण थपलियाल,सुशील भट्ट, अनीता बडोनी, नीमा नेगी, रजनी डबराल, अतर सिंह नेगी, विजयपाल गुसाईं, प्रदीप सजवाण, नारायण सिंह रावत, सुखवीर रावत, इंद्रेश नौटियाल सहित भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# केदार महोत्सव में गूंजे भजन, भक्त मगन

रुद्रप्रयाग। भगवान केदारनाथ की डोली के पहले पड़ाव रामपुर पहुंचने पर बीती रात केदारघाटी सांस्कृतिक जनकल्याण सघर्ष समिति के सहयोग से केदार महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें भजन सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बाबा केदार के मुख्य पुजारी शिवलिंग तथा विशिष्ट अतिथि कर्नल अजय कोठियाल और जिला पंचायत उपाध्यक्ष रुद्रप्रयाग सुमंत तिवारी मौजूद रहे। केदार महोत्सव में भजनों में भक्त मगन हो गए।

समारोह में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि बाबा केदार के मुख्य पुजारी शिवलिंग ने बाबा केदार की स्तुति गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट अतिथि कर्नल (सेनि) अजय कोठियाल ने कहा कि बाबा केदार की महिमा है कि चारों धामों में सबसे अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनर्निर्माण के कार्य हो रहे हैं, जिस से केदारपुरी भव्य और दिव्य बनेगी। सुमंत तिवाड़ी ने कहा कि बाबा केदारनाथ में इस वर्ष रिकार्ड श्रद्धालु पहुंचे जिस से यहां के स्थानीय लोगों को बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे समिति अध्यक्ष रोबिन रावत ने कहा कि बाबा केदार की पंच मुखी डोली रात्रि विश्राम पर हर वर्ष केदार महोत्सव सम्मान समाज मे विशिष्ट कार्य करने वाली प्रतिभा को दिया जाता है, इस वर्ष महिला उत्थान एवं पहाड़ी रीति रिवाजों के लिए कार्य कर रही एवं लेखक जीवन्ति खोयल को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ जीआईसी रामपुर की छात्राओं ने माता की स्तुति प्रस्तुत कर किया। सांस्कृतिक संध्या में महिला मंगल दलों ने सुंदर भजन सुनाकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं सांस्कृतिक संध्या में भजन एवं गीतों की धूम रही, जिनका दर्शकों ने देर रात्रि तक भरपूर आनन्द उठाया। वहीं कार्यक्रम में जीआईसी रामपुर की छात्राओं ने केदार यात्रा झांकी निकाली गई, वहीं कार्यक्रम में सुंदर प्रस्तुति दी गई।

# तकनीक का नियंत्रित और समझदारी के साथ उपयोग करना जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** जिला सूचना अधिकारी पौड़ी वीरेन्द्र सिंह राणा की अध्यक्षता में सूचना कार्यालय पौड़ी में ''कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया की भूमिका'' विषय पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस–2023 की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला सूचना अधिकारी द्वारा प्रेस दिवस पर सभी मीडिया कर्मियों को शुभकामनाएं दी गयी साथ ही गोष्ठी में उपस्थित मीडिया कर्मियों का स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित मीडिया कर्मियों ने अपने विचार रखे।



पौड़ी में आयोजित गोष्ठी में भाग लेते पत्रकार व अन्य

आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार त्रिभुवन उनियाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग हर जगह बढ़ रहा है इसके जितने फायदे हैं उतने नुकसान भी है, इसलिए तकनीक से सामजस्य बिठाना आवश्यक है। कहा कि आज के समय सकारात्मक व जनपक्ष की पत्रकारिता करते हुए सभी मीडिया कर्मियों को आत्मचिंतन व सहयोग की भावना से कार्य करते हुए जन सामान्य के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म को भी समय के अनुकूल अब अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के बारे में मंथन करने की जरूरत है और समाचारों को उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। अंत में जिला सूचना अधिकारी वीरेन्द्र सिंह राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि ''कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया की भूमिका'' विषय पर मीडिया द्वारा जो बहुमूल्य विचार व्यक्त किये गये है उनको उचित माध्यम से संज्ञान में लाकर इम्प्लीमेंट करने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय को इसलिए रखा गया है ताकि जब भारत 2047 तक अपने को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में देखना चाहता है तो उसके लिए मीडिया को अपनी भूमिका को पुनः निर्धारित व परिभाषित करने की जरूरत है। वर्तमान ग्लोबल युग में जो विश्वव्यापी बदलाव दृष्टिगोचर हो रहे है उसके अनुकूल मीडिया को अपने आपको तैयार करना होगा।

उन्होंने कहा कि ''अति सर्वत्र वर्जयेत'' अति किसी भी चीज की बुरी होती है, यह बात तकनीक के उपयोग करने पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि तकनीक का सहारा उतना ही लिया जाना चाहिए जिससे हमें चीजों को करने में आसानी हो किन्तु किसी भी हालात में तकनीक ही पूरी तरह निर्भरता और तकनीक को अपने ऊपर हावी नही होने देना है।

इस मौके पर गुरुवेंद्र नेगी, मुकेश बछेती, कुलदीप बिष्ट, सिद्धान्त उनियाल, जसपाल नेगी, गणेश नेगी, महेन्द्र नेगी, पंकज रावत, गब्बर सिंह भण्डारी, प्रदीप कुमार, भगवान सिंह, दीपक नौडियाल सहित सूचना विभाग से अतिरिक्त सूचना अधिकारी सुनील तोमर, संरक्षक प्रमोद बर्तवाल, हरेन्द्र कुमार उपस्थित थे।कैप्शनः

# मवाकोट- कण्वनगरी मार्ग को बेहतर बनाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार के विभिन्न संगठनों ने मवाकोट-कण्वनगरी वन मोटर मार्ग मरम्मत की मांग की है। कहा कि जनता की बेहतर सुविधा को देखते हुए मार्ग की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाना चाहिए।



कोटद्वार में डीएफओ से मुलाकात करते समितियों के सदस्य

समस्या के संबंध में सदस्यों ने प्रभागीय वनाधिकारी लैंसडौन नवीन चंद्र पंत से मुलाकात की। सदस्यों ने कहा कि बरसात के समय मालन पुल धराशायी होने के बाद बनाया गया वैकल्पिक मार्ग बदहाल पड़ा हुआ है। मार्ग पर उड़ रही धूल आमजन को परेशान कर रही है। ऐसे में आवाजाही करने वालों को दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। प्रतिनिधि मंडल ने सुझाव दिया कि मवाकोट से कण्वनगरी चौराहे तक मार्ग की मरम्मत होने से जनता को जनता को आवाजाही में बेहतर सुविधा मिल सकती है। प्रतिनिधि मंडल के सुझाव को डीएफओ से गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रकाश चंद्र कोठारी, डा.शक्तिशैल कपरवाण, अशोक नेगी, राजेंद्र प्रसाद पंत, आभा डबराल, पीएल खंतवाल, प्रवेश नवानी, पीसी नैथानी, रिपुदमन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# रामलीला में पहुंचकर पुलिस ने किया जागरूक



डडोली गांव में रामलीला मंचन के दौरान जागरूक करती पुलिस

**पौड़ीः** पौड़ी पुलिस रामलीला के मंचों से लोगों को जागरूक कर रही है। थलीसैंण पुलिस ने करीब 72 किलोमीटर दूर डडोली गांव पहुंचकर रामलीला मंचन के दौरान जागरूकता कार्यक्रम किया। पौड़ी की एसएसपी श्वेता चौबे के निर्देशों पर पुलिस जहां भी रामलीलाओं का मंचन हो रहा है, वहां पहुंचकर यातायात नियमों से लेकर नशे के दुष्प्रभावों, साइबर क्राइम से बचाव, महिला अपराध गुड टच व बेड टच आदि विषयों को नुक्कड़ नाटकों के जरिए बता रही है। रामलीला मंचन के दौरान दर्शकों को अपने–अपने गांवों में में होने वाली अवैध गतिविधियों, मादक पदार्थों की तस्करी आदि की सूचना भी पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। थलीसैंण के थाना प्रभारी सुनील पंवार,एएसआई बीएल टम्टा आदि ने रामलीला कमेटी के साथ समन्वय स्थापित कर रामलीला देखने आए दर्शकों को डायल–112 से लेकर साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में भी जानकारी दी।

# 10.65 ग्राम स्मैक स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार



स्मैक के साथ पकड़े गए युवक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोतवाली पुलिस ने 10.65 ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान के लिए, पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है। गुरुवार को पुलिस टीम बीईएल रोड में गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें दो युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए नजर आए। बताया कि जब युवाओं की तलाशी ली गई तो उनके जेब से स्मैक बरामद हो गई। युवकों की पहचान ग्रास्टनगंज निवासी कमलेश बिष्ट व काशीरामपुर तल्ला निवासी रोहित नेगी के रूप में हुई है। बताया कि कमलेश बिष्ट के पास से 5.30 व रोहित नेगी के पास से 5.35 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# समस्याओं पर नाराजगी, कर्मचारियों ने बांधा काला फीता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** पदोन्नति में शिथिलीकरण न किए जाने व मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों की लंबित मांगों के शासनादेश न होने से नाराज उत्तरांचल फैडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन ने गुरुवार को काला फीता बांधकर विरोध जताया। इस दौरान आक्रोशित कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर कर जागरण अभियान के तहत बिभागवार सांकेतिक गेट मीटिंग की।

गुरुवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उत्तरांचल फैडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन से जुड़े कर्मचारियों ने विभिन्न कार्यालयों में काला फीता बांधकर गेट मीटिंग की। इस दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रेवतीनंदन डंगवाल, जिलामहामंत्री संजय नेगी ने कहा कि पदोन्नति में शिथिलीकरण नहीं होने सहित 21 सूत्रीय मांगों का हल नहीं होने से कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है।शिथिलीकरण की प्रक्रिया नहीं होने पर आंदोलन शुरू कर दिया गया है। बताया कि आंदोलन के तहत 30 नवंबर तक प्रदेश के सभी मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी विरोध स्वरूप काला फीता बांधकर गेट मीटिंग करेंगे। 7 दिसंबर को जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम, 14 दिसंबर को जिलों में चेतना रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।



काला फीता बांधकर आक्रोश जताते कर्मचारी

## विकास के लिए भाजपा को जिताकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करें: महाराज



**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून/मध्यप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के बाद भाजपा के स्टार प्रचारक वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तराखंड के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनावी रण में भी अपनी पूरी ताकत झोंकी। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

भाजपा के स्टार प्रचारक वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तराखंड के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में कई जनसभाएं कर मध्यप्रदेश में पुनः भाजपा सरकार को सत्तारूढ़ करने का जनता से आह्वान किया।

महाराज ने कहा कि यदि राज्य में विकास चाहिए तो भाजपा को विजय बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कीजिए। महाराज ने मध्यप्रदेश के प्रसवाडा, विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामकिशोर नानोह कांवरे, धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र से कालू सिंह ठाकुर, घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती गंगा सज्जन सिंह के लिए धुआंधार प्रचार कर कई चुनावी जनसभाओं के माध्यम से भाजपा को विजय बनाने का जनता से अनुरोध किया। इस मौके पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

निविदा संशोधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड कोटद्वार से पत्रांक सं 2719/विविखको/टी–6 एवं 2804/विविखको/टी–6 के माध्यम से अमर उजाला, हिन्दुस्तान व दैनिक जयन्त में दि० 19.10.2023 एवं 31.10.2023 के अंक मे प्रकाशित निविदा सूचना **निविदा सं0 14/2023–24 के स्थान पर निविदा सं0 16/2023–24** पढा एवं समझा जाये। एवं इस निविदा की निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 21.11.2023 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 22.11.2023 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

पत्रांक : 2919/विविखको/टी–6 दिनांक : 16.11.2023 अधिशासी अभियन्ता

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## सम्पादकीय

# सरकारी दावों के विपरीत

भारत में आर्थिक वृद्धि दर के लाभ आम जन तक नहीं पहुंच रहे हैं, इस बारे में तो पहले से पर्याप्त आंकड़े मौजूद रहे हैं। लेकिन अब व्यापार जगत का कारोबार भी मद्धम हो चला है, यह रोज–ब–रोज जाहिर हो रहा है। वैसे देखा जाए, तो इन दोनों परिघटनाओं में सीधा संबंध है। अगर आम जन की वास्तविक आय नहीं बढ़ती है, तो उनका उपभोग घटता है, जिसका असर बाजार में मांग पर पड़ता है और अंततः यह स्थिति कारोबार जगत को प्रभावित करती है। अब ऐसा होने के साफ संकेत मिल रहे हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट– अहमदाबाद की ताजा बिजनेस इन्फ्लेशन एक्सपेक्टेशन सर्वे (बीआईईएस) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कंपनियों की बिक्री और मुनाफे की स्थिति मद्धम बनी हुई है। सर्वे में शामिल 56 फीसदी कंपनियों ने बताया कि बीते सितंबर में उनकी बिक्री सामान्य से काफी कम अथवा कुछ कम रही। अगस्त में ऐसा कहने वाली कंपनियों की संख्या 52 प्रतिशत थी। इसी तरह आगे बिक्री सामान्य या सामान्य से अधिक होने की आशा रखने वाली कंपनियों की संख्या में अगस्त की तुलना में तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

यह स्थिति तब है, जब कंपनियों पर लागत में वृद्धि का दबाव नहीं बढ़ रहा है। जाहिर है, कंपनियों की बिक्री इसलिए नहीं बढ़ रही है, क्योंकि उपभोक्ताओं की क्रय–शक्ति घटती चली गई है। इस ट्रेंड की पुष्टि एक बिजनेस अखबार की एक रिपोर्ट से भी होती है, जिसमें बताया गया है कि पिछली दो तिमाहियों में कॉरपोरेट सेक्टर के मुनाफे में भारी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन बिक्री से होने वाली उन कंपनियों की आय घट गई है। स्पष्टतः यह मुनाफा शेयर बाजार से हुआ है। यानी अब शेयर बाजार का एक अलग गतिशास्त्र बन गया है, जिसका परंपरागत अर्थ में जिसे अर्थव्यवस्था समझा जाता है, उससे संबंध बेहद कमजोर हो चुका है। तो बात घूम–फिर कर सरकारी दावों पर आ जाती है, जिनमें देश की माली हालत की खुशनुमा तस्वीर पेश करने के रोज नए तर्क ढूंढे जाते हैं। जबकि यह रोज अधिक स्पष्ट होता जा रहा है कि असल अर्थव्यवस्था उन दावों की विपरीत दिशा में जा रही है।

# बिहार की राजनीति में नया कुछ भी नहीं



जाति गणना के आंकड़े आने और आरक्षण की सीमा बढ़ाने के बिहार सरकार के फैसले के बाद हर तरफ यह सुनने को मिल रहा है कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद ने राजनीति की दिशा बदल दी है। ऐसा लग रहा है जैसे इन दोनों नेताओं ने कोई नई राजनीति की है। लेकिन असल में इस राजनीति में कुछ भी नया नहीं है। पिछले 50 साल से ज्यादा समय से बिहार में यही राजनीति हो रही है और कुछ हद तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मंडल राजनीति से मजबूत हुए अन्य पिछड़ी जाति के नेताओं की कृपा से पूरे देश में भी यही राजनीति चल रही है। हर नेता सोशल इंजीनियरिंग करता हुआ है और आरक्षण को चुनाव जीतने का रामबाण नुस्खा मान कर किसी न किसी तरह उसका इस्तेमाल करने की वकालत कर रहा है। कांग्रेस, राजद, जदयू आदि के नेता आरक्षण की सीमा बढ़ा रहे हैं या बढ़ाने का दावा कर रहे हैं तो भाजपा के नेता मौजूदा आरक्षण का वर्गीकरण करके पिछड़ों में अति पिछड़ों और दलितों और अत्यंत दलितों को अतिरिक्त आरक्षण देने का दांव चल रहे हैं। तभी सोचें कि इस राजनीति में क्या नया है?

इसका जवाब खोजते–खोजते वर्तमान हिंदी कविता के सबसे चमकदार नक्षत्र कुमार विश्वास का ध्यान आता है। उन्होंने कोई 20 साल पहले एक कविता लिखी, 'कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है', जो कि बेहद मशहूर हुई। उसके बाद से वे थोड़े थोड़े अंतराल पर इसी कविता में कुछ नई पंक्तियां जोड़ते चलते हैं। उन्होंने कुछ अन्य कविताएं भी लिखीं लेकिन उनको वह लोकप्रियता नहीं मिली, जो उनकी इस कविता को मिली। इसलिए नई कविता लिखने, नए प्रयोग करने की बजाय वे अपनी पुरानी और मशहूर कविता में नई पंक्तियां जोड़ते जाते हैं। उसी तरह बिहार में राजद और जदयू के नेताओं ने कुछ और राजनीति भी आजमाई लेकिन उसमें कामयाबी नहीं मिली या कामयाबी मिलने की संभावना नहीं दिखी तो फिर से पुरानी और सफल रही राजनीति में नई लाइनें जोडऩी शुरू कर दीं। लालू प्रसाद और नीतीश कुमार अब भी वही राजनीति कर रहे हैं, जिसके दम पर दोनों सफल हुए, मुख्यमंत्री बने और पिछले 33 साल से बिहार की सत्ता पर काबिज हैं।असल में यह राजनीति सत्तर के दशक से ही चल रही है। कर्पूरी ठाकुर के मुख्यमंत्री बनने के समय पिछड़ा और अति पिछड़ा का वर्गीकरण करके उनके लिए क्रमशः आठ और 12 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया था। बाद में पिछड़ी जातियों का आरक्षण 12 फीसदी और अत्यंत पिछड़ी जातियों का 18 फीसदी कर दिया गया था, जिसे अब फिर से बढ़ाने की घोषणा की गई है। लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की जो कथित नई राजनीति है उसके तहत पिछड़ी जातियों को 18 फीसदी और अत्यंत पिछड़ी जातियों को 25 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने ऐसा करने के लिए जाति गणना को आधार बनाया है, जिसके तहत पिछड़ी जातियों की आबादी 27 फीसदी और अत्यंत पिछड़ी जातियों की आबादी 36 फीसदी बताई गई है। इसमें मुस्लिम समाज की पिछड़ी जातियां भी शामिल हैं। सो, कह सकते हैं कि बिहार में कर्पूरी ठाकुर से लेकर नीतीश कुमार तक इतनी तरक्की हुई है कि पिछड़ी जातियों का आरक्षण आठ से बढ़ा कर 18 फीसदी किया जा रहा है और अत्यंत पिछड़ी जातियों का आरक्षण 12 से बढ़ा कर 25 फीसदी किया जा रहा है!

सोचें, इसको नई राजनीति कैसे कह सकते हैं? यह नई बोतल में पुरानी शराब जैसी है, फर्क इतना है कि इस बार बोतल बड़ी कर दी गई है। याद करें 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में जब लालू प्रसाद और नीतीश कुमार एक साथ आए थे तब उन्होंने क्या राजनीति की थी? तब भी आरक्षण ही केंद्रीय मुद्दा था। असल में चुनाव से पहले राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने आरक्षण की समीक्षा का एक बयान दे दिया था, जिसे बिहार की दोनों प्रादेशिक पार्टियों के नेताओं ने मुद्दा बना दिया। हालांकि ऐसा नहीं था कि मोहन भागवत बयान नहीं देते तो दोनों पार्टियां विकास, उद्योग, शिक्षा या स्वास्थ्य के मुद्दे पर चुनाव लडऩे जा रही थीं। दोनों तब भी जातिगत आरक्षण के मुद्दे पर ही चुनाव लड़तीं। उस चुनाव के 10 साल बाद 2025 फिर से दोनों पार्टियां साथ मिल कर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी तब भी उनके पास कोई दूसरा मुद्दा या एजेंडा नहीं है। वे उसी मुद्दे पर लडऩे जा रही हैं, जिस पर 2015 में लड़ा था या 1990 में लड़ा था। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि पहले इस मुद्दे पर लड़ चुके हैं तो इस बार लडऩे पर इसका फायदा नहीं मिलेगा। यह कोई काठ की हांडी जैसी नहीं है कि दोबारा चूल्हे पर नहीं चढ़ा सकते। बिहार की जनता हो सकता है कि फिर से इस मुद्दे पर मतदान करे और मंडल के मसीहाओं को चुनाव जिताए।लालू प्रसाद और नीतीश कुमार को इस मुद्दे पर कितना भरोसा है इसका अंदाजा इस बात से भी लगा सकते हैं कि दोनों ने 33 साल के अपने शासन की पोल खोलने वाले सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े भी जनता के सामने पेश कर दिए हैं। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में इसके आंकड़े पेश किए और बताया कि बिहार के एक तिहाई से ज्यादा करीब 34 फीसदी परिवार ऐसे हैं, जिनकी मासिक कमाई छह हजार रुपए से कम है। सोचें, अगर पांच लोगों का एक परिवार है तो हर व्यक्ति की मासिक कमाई 12 सौ रुपए यानी 40 रुपए रोज से कम है। राज्य में सिर्फ सात फीसदी आबादी ग्रेजुएट है और महज पांच फीसदी लोगों के पास किसी तरह का मोटराइज्ड वाहन है। सिर्फ पांच फीसदी लोग सरकारी या निजी नौकरी में हैं और 17 फीसदी मजदूरी करते हैं। सिर्फ सात फीसदी लोग कृषि कार्य करते हैं और 67 फीसदी आबादी की एक श्रेणी है, जिसे राज्य सरकार ने गृहिणी व विद्यार्थी कहा है। यानी इनके पास आय उपार्जित करने का कोई काम नहीं है।

सोचें, बिहार की भयावह गरीबी व बदहाली की तस्वीर दिखाने वाली इस रिपोर्ट को पेश करने के बाद भी सरकार चला रही दोनों पार्टियां विकास का कोई एजेंडा पेश करने और अगले 25 साल के विकास का कोई रोडमैप बना कर लोगों के सामने रखने की बजाय यह कहा कि सरकार आरक्षण बढ़ा कर 75 फीसदी करेगी। सवाल है कि बिहार की 13 करोड़ आबादी में से सिर्फ 60 लाख लोगों के पास नौकरी है, जिसमें से कुछ लोगों के पास सरकारी नौकरी है और बाकी संगठित या असंगठित क्षेत्र की निजी नौकरी करते हैं वहां आरक्षण की सीमा बढ़ा देने से कितनी आबादी को क्या हासिल हो जाएगा? अगर रोजगार के अवसर नहीं बढ़ाए जाते हैं या रोजगार आधारित विकास का मॉडल नहीं बनता है तो आरक्षण बढ़ाने से क्या होगा? लेकिन ऐसा लगता है कि इससे बिहार की जनता को भी कोई फर्क नहीं पड़ता है। वह जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने के प्रतीकात्मक व भावनात्मक मुद्दे को ही जीवन का सार समझ कर अपना कीमती वोट दे सकती है। दुर्भाग्य से यही राजनीति पूरे देश में हो रही है और लगभग सभी पार्टियां कर रही हैं।

# अर्थव्यवस्था : समावेशी विकास की राह

**सतीश सिंह**

स्ट्रीट वेंडरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) का आगाज 1 जून, 2020 को किया था। इस योजना के तहत 50,000 रुपए का ऋण बिना गारंटी और प्रतिभूति के स्ट्रीट वेंडर को दिया जाता है। यह राशि ऋणी को 3 किस्तों यथा 10,000, 20,000 और 20,000 के रूप में जारी की जाती है।

योजना में पहली किस्त चुकाने के बाद ही दूसरी और तीसरी किस्त जारी करने का प्रावधान है ताकि ऋण खाता के गैर–निष्पादित आस्ति (एनपीए) में तब्दील होने की संभावना न्यून रहे। नियमित रूप से ऋण का भुगतान करने वाले ऋणियों को 7 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी देने का प्रावधान भी योजना में है। डिजिटल लेन देन करने वालों ऋणियों को हर साल 1200 रुपये तक कैशबैक दिया जाता है, ताकि उनके बीच डिजिटल लेन देन की संस्कृति विकसित हो। अब तक इस योजना के अंतर्गत 70 लाख ऋण खातों में तीनों किस्त का वितरण किया जा चुका है, जो राशि में 9100 करोड़ रुपए है। पीएम स्वनिधि को मूर्त रूप देने में सरकारी बैंक अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस योजना के आगाज के समय सरकार ने पहली किस्त यानी 10,000 रुपए 50 लाख स्ट्रीट वेंडरों को वितरित करने का लक्ष्य रखा था। बाद में ज्यादा मांग की वजह से सरकारी बैंकों ने लक्ष्य से अधिक 106 प्रतिशत ऋण वितरित किए।योजना की सफलता को देखते हुए सरकार ने पुराने लक्ष्य को संशोधित करके 50 लाख वेंडरों की जगह 63 लाख वेंडरों को पहली किस्त के रूप में ऋण वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया जबकि दूसरी और तीसरी किस्त को मिलाकर दिसम्बर, 2023 तक 88.5 लाख वेंडरों को ऋण वितरित करने का लक्ष्य रखा गया। उम्मीद है कि जल्द ही बैंक इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। पीएम स्वनिधि के लाभान्वितों में 75 प्रतिशत गैर–सवर्ण वर्ग के हैं, जिसमें पिछड़े वर्ग का प्रतिशत 44 है, जबकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत 22 है। लाभान्वितों में महिलाओं की संख्या 43 प्रतिशत है। इस योजना का लाभ लेने वालों में 26 वर्ष से 45 वर्ष की आयु वालों की संख्या दो तिहाई और 18 से 45 वर्ष की आयु वाले लोगों की संख्या तीन चौथाई है, जबकि योजना का लाभ लेने वालों की औसत आयु 41 वर्ष है। आंकड़ों से पता चलता है कि समाज के कमजोर वर्ग, महिलाएं, जवान और बूढ़े सभी इस योजना की मदद से सबल बनने की कोशिश कर रहे हैं। ऋण वितरण के बाद डेबिट कार्ड से खर्च करने वालों के प्रतिशत में 2021 के मुकाबले 2023 में 50 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। महज 2 सालों में औसत खर्च में 28,000 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। पीएम स्वनिधि के लाभान्वितों द्वारा डेबिट कार्ड से 2021 में 51,672 रुपए खर्च किए गए जबकि 2022 में 60,974 रुपए, 2023 में 79,372 रुपए और चालू वित्त वर्ष में अगस्त महीने तक 32,555 रुपए खर्च किए गए हैं, जो दर्शाता है कि पीएम स्वनिधि के लाभार्थी धीरे–धीरे आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

पीएम स्वनिधि योजना की वजह से स्ट्रीट वेंडर के खर्च करने की प्रवृत्ति और डिजिटल लेन देन के प्रति उनकी स्वीकृति में इजाफा हुआ है। अब वे डेबिट कार्ड की मदद से ऑनलाइन खरीददारी करने लगे हैं। कैशबैक, प्वॉइंट्स, डेबिट कार्ड से लेन देन करने से मिलने वाली छूट आदि का लाभ भी वे उठाने लगे हैं।

# कोयला खदान में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग, 11 लोग जिंदा जले

**ताइयुआन , एजेंसी।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत के ल्यूलियांग शहर में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में गुरुवार सुबह विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। नगरपालिका आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी है।

प्राधिकरण ने बताया कि आग ल्यूलियांग के लिशी जिले में लगी है। अधिकारियों के मुताबिक बचाव कार्य जारी हैं। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत–बचाव कार्य शुरू कर दिए है। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया है।

# यहूदी विरोधी टिप्पणी करनी पड़ी भारी, भारतीय मूल के कमोडिटी विश्लेषक को नौकरी से निकाला

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** यहां एक कमोडिटी कंपनी के भारतीय मूल के विश्लेषक को वीडियो में रिकॉर्ड की गई कथित यहूदी विरोधी टिप्पणियों के लिए नौकरी से निकाल दिया गया है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई। व्यक्ति की पहचान कुरुष मिस्त्री के रूप में की है, जो फ्रीपॉइंट कमोडिटीज में तेल विश्लेषक था। कंपनी ने उसका नाम लिए बिना एक बयान में पुष्टि की कि घटना से जुड़ा व्यक्ति अब कंपनी से जुड़ा हुआ नहीं है।

7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले को लेकर अमेरिका में गरमागरम जुबानी जंग में भारतीय मूल के लोगों के फंसने की यह ताजा घटना है। भारतीय मूल के छात्रों के साथ हार्वर्ड विश्वविद्यालय में एक दक्षिण एशियाई समूह ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए, जिसे हमास के समर्थन के रूप में देखा गया, लेकिन बाद में उसने खुद को इससे अलग कर लिया, जबकि न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में एक छात्र, जिसने हिंदू होने का दावा किया था, ने अपहृत पीड़ितों को दिखाने वाले पोस्टर फाड़ने के लिए माफी मांगी। जब मिस्त्री न्यूयॉर्क में हमास हमले के पीड़ितों के अपहरण के बारे में लगे पोस्टरों को उन पर्चों से ढक रहे थे, जिन पर लिखा था कि कब्जा करने वालों को परिणाम भुगतना होगा और ऐसे पोस्टर लगा रहे थे जिनमें इजरायल पर नरसंहार और रंगभेदी राज्य होने का आरोप लगाया गया था, तो उनसे एक व्यक्ति ने संपर्क किया। यहूदी अमेरिकी व्यक्ति ने उससे पूछा कि क्या वह जो कर रहा है, उस पर उसे गर्व है? मिस्त्री ने उस व्यक्ति को अपने देश वापस जाने के लिए कहा, अश्लील इशारा किया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। अपने देश वापस जाओ अमेरिका में आप्रवासियों और जातीय अमेरिकियों के खिलाफ एक नस्लवादी अपमान है, और भारतीय अमेरिकियों ने अक्सर इसका सामना किया है।

# पटाखों के गोदाम और दुकान में भीषण विस्फोट, दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी , एजेंसी।** मध्य मैक्सिकन राज्य प्यूब्ला के शियुटेल्को नगर पालिका में एक पटाखों के गोदाम और दुकान में विस्फोट के बाद कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुएब्ला आंतरिक सचिवालय के प्रमुख जेवियर एक्विनो ने कहा कि विस्फोट के परिणामस्वरूप तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और बाद में दो अन्य की गंभीर रूप से जलने से स्थानीय अस्पताल में मौत हो गई।राज्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि लास एंटेनास में विस्फोट में और कोई अन्य घर प्रभावित नहीं हुआ। एक्विनो ने कहा कि दुकान के मालिक और उनके दो बच्चे विस्फोट स्थल पर मारे गए। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि गोदाम के पास राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी संचालन परमिट था। विस्फोट के कारण फिलहाल अज्ञात हैं और प्यूब्ला अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 'सनातन अर्थव्यवस्था' का 25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार, कुल खर्च 100 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर के बाजारों में इस बार दिवाली के त्योहारी सीजन पर हुई जबरदस्त बिक्री ने भारत की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दे दिया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, त्योहारी सीजन के कारोबार ने यह साबित किया है कि भारत में मनाए जाने वाले त्योहार, देश के व्यापार एवं आर्थिक चक्रको कैसे घुमाते हैं। कैट ने इस आयाम को सनातन अर्थव्यवस्था का नाम देते हुए कहा कि देश के व्यापार के लिए त्योहारों का मनाया जाना बेहद ही महत्वपूर्ण है।




एक अनुमान के अनुसार, देश में प्रति वर्ष सनातन अर्थव्यवस्था का यह कारोबार लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। यह आंकड़ा, देश के कुल रिटेल कारोबार का लगभग 20 फीसदी है। यह बेहद स्पष्ट है कि भारत में त्योहार, तीर्थ आदि के कारण बहुत बड़ी धनराशि बाजार चक्र में पहुंचती है। यह राशि, दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, इस कारोबार के मद्देनजर भारत के व्यापारी वर्ष भर में होने वाले विभिन्न त्योहारों के लिए अपनी दुकानों में विशिष्ट प्रबंध करते हैं। खासतौर पर त्योहारी सीजन में बड़ा व्यापार होता है। त्योहारों से देशभर में रोजगार तथा स्व–व्यापार के बड़े अवसर भी उपलब्ध होते हैं। इसके जरिए मध्यम एवं निम्न वर्ग का आर्थिक पक्ष मजबूत होता है। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष सनातन अर्थव्यवस्था का यह कारोबार लगभग 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसे देश के कुल रिटेल कारोबार का लगभग 20 फीसदी कहा जा सकता है। सनातन अर्थव्यवस्था की व्याख्या करते हुए दोनों व्यापारी नेताओं ने कहा, नवरात्रि से लेकर दीवाली के दिन तक देश के मेन लाइन रिटेल व्यापार में 3.75 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। वहीं देश भर में दुर्गा पूजा और इसके आस पास हुए अन्य त्योहारों में लगभग 50 हजार करोड़ का व्यापार हुआ है। गणेश चतुर्थी के दस दिवसीय समारोह के दौरान 20–25 हजार करोड़ रुपये का कारोबार देखा गया है।

बतौर खंडेलवाल, यह आंकड़े तो सिर्फ 3 त्योहारों के हैं। इसी तरह से होली, जन्माष्टमी, महाशिवरात्रि और राखी जैसे अन्य ढेरों त्योहारों पर बाजारों में हुई व्यापक खरीदी को भी जोड़ा जाए, तो कई सौ लाख करोड़ रुपये, सनातन व्यापार में जुड़ जाएंगे। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश भर में लगभग 10 लाख से अधिक मंदिर हैं। वहां प्रतिदिन लोगों द्वारा बड़ा खर्च किया जाता है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में तीर्थ स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं द्वारा किए गए खर्चों को जोड़ दें, तो यह आंकड़ा सनातन अर्थव्यवस्था को स्वतः ही भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण बना देता है। इससे यह बेहद स्पष्ट है कि भारत में त्योहार, तीर्थ आदि के कारण बहुत बड़ी धनराशि बाजार में पहुंचती है। यह धन राशि दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। खंडेलवाल ने बताया, यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि हजारों वर्षों से चलती आ रही है। इसका केंद्र, देश के मंदिर, त्योहार एवं तीर्थ ही बनते आए हैं। यह भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे पुराना पहिया है जो किसी भी परिस्थिति में कभी भी नहीं रुकता।

जहां तक रोजगार का सवाल है, तो मात्र दुर्गा पूजा के समय, सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही 3 लाख से ज्यादा कारीगरों, मजदूरों को काम मिला है। गणेश चतुर्थी, नवरात्रि, दशहरा, होली, संक्रांति आदि अन्य त्योहारों की वजह से जहां करोड़ों लोगों को रोजगार मिलता है, वहीं लाखों लोग स्वयं का छोटा–बड़ा व्यापार भी कर पाते हैं। विशेष बात यह है कि न केवल दुकानों के व्यापार को, बल्कि देश के बेहद छोटे वर्ग, स्थानीय कारीगरों, कलाकारों एवं घरेलू काम करने वाले लोगों को बड़ा व्यापार मिलता है, जिनमें से लाखों लोग ऐसे हैं, जिनकी आजीविका ही त्योहारों पर निर्भर रहती है। दोनों व्यापारी नेताओं ने कहा, बड़े आंकड़ों की बजाय यदि धनतेरस के एक दिन के व्यापार को ही देख जाये, तो भारतीय मध्यम वर्ग द्वारा एक दिन में 25,500 करोड़ रुपये का 41 टन सोना खरीदा गया था। चांदी की बिक्री 3000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। कार निर्माताओं ने 55000 कारों की डिलीवरी की। लगभग 5 लाख से ज्यादा स्कूटरों की डिलीवरी की गई। भरतिया एवं खंडेलवाल ने कहा, यही 'सनातन अर्थशास्त्र' है, जो देश के व्यापार के लिए बेहद ही अहम है। इस गणित को समझने के लिए अर्थशास्त्री होना जरूरी नहीं है, बल्कि यह साफ दिखाई देता है।

# जानलेवा भीड़: ट्रेन में अधिक यात्री होने से घुट गया दम

**हापुड़ , एजेंसी।** दिवाली के बाद छठ पूजा के चलते पूर्वांचल और बिहार की तरफ जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो रही है। गुरुवार को अवध असम एक्सप्रेस में पत्नी के साथ स्लीपर कोच में सवार असम जा रहे युवक को अधिक भीड़ होने के कारण सांस लेने में दिक्कत हो गई, लेकिन ट्रेन के हापुड़ पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। जीआरपी ने शव को हापुड़ स्टेशन पर उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।राजस्थान के जोधपुर निवासी ललित कुमार पुरोहित अपनी पत्नी जग्गी के साथ अवध असम एक्सप्रेस के कोच संख्या एस–4 में सवार होकर अपनी ससुराल असम के डिबरूगढ़ जा रहे थे। उनकी पत्नी ने बताया कि बीती रात वह अपने घर से अपने बीमार भाई को देखने के लिए निकले थे। जैसे ही सुबह ट्रेन दिल्ली रेलवे स्टेशन से चली तो यात्रियों को भीड़ बढ़ गई।पत्नी ने बताया कि ललित को सांस की दिक्कत थी। कोच में अधिक भीड़ बढ़ जाने के कारण उनको अधिक परेशानी होने लगी। ट्रेन के दिल्ली स्टेशन से निकलने के बाद सांस लेने में दिक्कत होने लगी और सीने में दर्द होना शुरू हो गया। इसके बाद दर्द बढ़ता गया, जिसके कारण ललित बेहोश होकर गिर गया।

# 'वैश्विक मुद्रास्फीति प्रबंधन पर भारत धन्यवाद का हकदार': जयशंकर

**लंदन , एजेंसी।** विदेश मंत्री जयशंकर ने रूस के साथ भारत के तेल और गैस सौदे पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने वैश्विक मुद्रास्फीति को नरम करने में अहम भूमिका निभाई है। ऐसे में रूसी तेल खरीद के लिए भारत को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। विदेश मंत्री के मुताबिक रूसी तेल खरीदने के परिणामस्वरूप वैश्विक मुद्रास्फीति के प्रबंधन में काफी मदद मिली है। पांच दिनों के ब्रिटेन दौरे पर गए विदेश मंत्री ने लंदन में एक बातचीत के दौरान यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों पर भी बात की। उन्होंने प्रतिबंधों के बावजूद भारत में रूस से तेल और गैस आयात के सवालों पर भी जवाब दिया।

उन्होंने भारत–रूस संबंधों की "असाधारण स्थिरता" को दोहराते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के विपरीत, रूस को पूर्वी देशों में "संशोधनवादी शक्ति" के रूप में नहीं देखा जाता है। विदेश मंत्री ने कहा, "थोड़ी देर के लिए कल्पना करें कि अगर हमने रूस से तेल नहीं खरीदा होता, तो वैश्विक तेल की कीमतें कितनी अधिक हो गई होतीं; क्योंकि हम उसी बाजार में जाते,




उन्हीं आपूर्तिकर्ताओं के पास जाते, जैसा कि यूरोप ने किया होता। जयशंकर ने कहा, स्पष्ट रूप से हमने पाया कि कीमतों के मामले में यूरोप हमसे आगे निकल चुका है।"उन्होंने कहा, लिक्विड नैचुरल गैस (एलएनजी) के बाजारों में परंपरागत रूप से एशिया में आने वाली आपूर्ति सीधे यूरोप में जाती है। वास्तव में, भारत इतना बड़ा देश है कि बाजार में कुछ सम्मान हासिल कर सकता था, लेकिन कई छोटे देश भी हैं, जिन्हें समुचित सम्मान नहीं मिला। उनके टेंडर पर प्रतिक्रियाएं मिलीं, क्योंकि एलएनजी आपूर्तिकर्ता अब उनसे निपटने में रुचि नहीं रखते। बड़ी कंपनियों पर सांकेतिक तौर पर बात करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, उनके पास बड़ी मछलियां हैं।

हमने वास्तव में अपनी खरीद नीतियों के माध्यम से तेल बाजारों और गैस बाजारों को नरम कर दिया है। परिणामस्वरूप, हमने वास्तव में वैश्विक मुद्रास्फीति को प्रबंधित किया है। इसलिए स्पष्ट रूप से, हमें धन्यवाद दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बतौर विदेश मंत्री, वे धन्यवाद का इंतजार कर रहे हैं। भारत–रूस के संबंधों की गतिशीलता पर विदेश मंत्री जयशंकर ने 1950 के दशक के संबंधों का भी जिक्रकिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच निश्चित "मौलिक संरचनात्मक संतुलन" का संकेत दिया जो द्विपक्षीय संबंधों को समान बनाए रखेगा।

विदेश मंत्री जयशंकर के मुताबिक, मेरा निष्कर्ष यह है कि वास्तव में, भारत और रूस दोनों– दुनिया के उस हिस्से में एक प्रकार का महाद्वीपीय संतुलन बनाए रखने में रिश्ते के महत्व को पहचानते हैं। उन्होंने कहा, केवल भारत के लिए, बल्कि रूस के पूर्व में अन्य देशों के लिए भी यह स्थिरता का स्रोत है। रूस संशोधनवादी ताकत नहीं है। रूस के पूर्व में देशों पर पश्चिमी धारणा का असर नहीं। अगर किसी देश को पश्चिम में एक निश्चित तरीके से देखा जाता है, इसके बावजूद पूर्व की धारणा बहुत अलग है।"

# बिहार से सहरसा जंक्शन जा रही वैशाली एक्सप्रेस में लगी आग, भगदड़ मचने से 19 यात्री घायल

**इटावा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र में दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर दिल्ली से बिहार के सहरसा जंक्शन जा रही 12554 वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच में गुरुवार भोर आग लग गई। इस हादसे भगदड़ मचने से 19 यात्री घायल हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन के एस–6 कोच के शौचालय में धुआं उठने से रेल यात्रियों में दहशत फैल गयी और भगदड़ मचने से करीब 19 रेल यात्रियों को चोटें आयीं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों 11 यात्रियों को सांस लेने की दिक्कत के चलते सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए रिफर कर दिया जबकि आठ यात्रियों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। सीओ जीआरपी के मुताबिक घटना रात्रि करीब ढाई बजे की है। ट्रेन में आग बुझाने के बाद उसको गंतव्य के लिए भेज दिया गया।राजकीय रेलवे पुलिस क्षेत्राधिकारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि दिल्ली से सहरसा जा रही ट्रेन की बोगी के बाथरूम अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। फिलहाल कोई जनहानि



की सूचना नही है। 19 यात्री घायल है। जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल और सैफई मेडिकल में भर्ती करवाया गया है। इटावा रेलवे स्टेशन पर पहुंचने से पहले कोच में आग और धुंआ उठता देख चीख पुकार मच गई और ट्रेन को समय रहते रोक लिया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. राघवेंद्र ने बताया कि वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन से 19 यात्रियों को लाया गया था। जिसमें 11 यात्रियों को सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। जिनको सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भेज दिया गया है। आठ घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।गौरतलब है कि बुधवार को इटावा के सराय भूपत रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली से दरभंगा जा रही क्लोन एक्सप्रेस की तीन बोगियों में आग लग गयी थी जिसमे एस–1 बोगी पूरी तरह जल कर खाक हो गयी थी। इस हादसे में भी सभी रेल यात्री बाल बाल बच गए थे।रेलवे प्रशासन के अनुसार घायल यात्रियों में मुन्नाराम, निवासी सिवान,दीपक, मोहित कुमार , गोविंद,पुत्र निवासी सहरसा, राहुल कुमार निवासी अलवर राजस्थान,गुलशन निवासी,संदीप निवासी सिवान बिहार,मनीष कुमार ठाकुर,नंद कुमार ठाकुर, सिवान बिहार, दुष्यंत कुमार ,धनपति, बख्तियार पुर गोपाल गंज बिहार,असुरूद्दीन सहमऊ मधेपुरा बिहार, सरिता देवी, अगारघाट समस्तीपुर बिहार, छोटू कुमार महतोश मधुबनी बिहार,विवेक बहरिया सीवान बिहार,सच्चिदानंद प्रसाद,सिवान बिहार, श्वेता कुमारी, भोला ठाकुर बेरियापुर, मुजफ्फरपुर बिहार, लक्ष्मी,अशोक, गोंडा यूपी और अच्छे लाल बख्तियारपुर गोपालगंज बिहार शामिल हैं।

# विश्व कप : यूज्ड—पिच विवाद के बाद विलियम्सन ने कहा, यह अच्छी सतह थी



मुंबई ,पुरुष एकदिवसीय विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच उपलब्ध कराए जाने को लेकर पूरे दिन विवाद छाया रहा, न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने स्वीकार किया कि यह वास्तव में एक बहुत अच्छी सतह थी, क्योंकि ब्लैक कैप्स बुधवार को मेज़बान भारत के सामने दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे।

खबरों में दावा किया गया था कि बीसीसीआई ने अपने स्पिनरों की मदद के लिए फाइनल के लिए निर्धारित नई पिच को उस पिच से बदल दिया जिस पर पहले ही दो मैच खेले जा चुके थे।

अंत में, यह एक सूखी और धीमी पिच थी जिस पर तीन बल्लेबाजों – विराट कोहली (117), भारत के श्रेयस अय्यर (105) और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल (134) ने शतक लगाए और भारत के मोहम्मद शमी ने दावा किया सात विकेट हॉल (7–57)।

विलियम्सन ने स्वीकार किया कि मैच में पहले इस्तेमाल किए जाने के बावजूद यह एक अच्छी पिच थी।उन्होंने बुधवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हां, यह एक इस्तेमाल किया हुआ विकेट था, लेकिन वास्तव में एक बहुत अच्छी सतह थी, जैसा कि हमने देखा। मेरा मतलब है, उन्होंने मैच के पहले भाग में इसका भरपूर फायदा उठाया। और मुझे लगता है कि रोशनी के नीचे जाने पर स्थितियां बदल जाती हैं और चीजें, और हमने इस पूरे प्रतियोगिता में यही देखा है। यह ठीक है, आप यही उम्मीद करते हैं और उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला।

विलियम्सन ने कहा कि हालांकि सेमीफाइनल हारना निराशाजनक था, लेकिन उन्हें अपनी टीम पर गर्व है क्योंकि उसने पूरे सात सप्ताह के टूर्नामेंट में अच्छा संघर्ष किया।

विलियम्सन ने कहा, तो हां, मेरा मतलब है कि इस स्तर तक पहुंचना और आगे नहीं बढ़ना निराशाजनक है, लेकिन साथ ही आप कुछ छोटे क्षणों के बजाय सात हफ्तों पर विचार करते हैं और हम एक बेहतर टीम से हार गए।

# बाबर के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान ने किया दो नए कप्तानों का ऐलान



लाहौर ,बाबर आजम ने सभी प्रारूपों से पाकिस्तान के कप्तानी पद से इस्तीफा दे दिया है। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नए टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल कप्तान के नाम की घोषणा की है। शान मसूद को टेस्ट कप्तानी सौंपी गई है। जबकि, शाहीन शाह अफरीदी को टी20 कप्तान बनाया गया है।

34 वर्षीय शान मसूद ने 30 टेस्ट मैचों में 1,597 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं।

शान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023–25 के अंत तक कप्तान नियुक्त किया गया है। शान 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान टीम का नेतृत्व करेंगे।

वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह टी20 प्रारूप में पाकिस्तान टीम का नेतृत्व करेंगे और 12 जनवरी से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए कमान संभालेंगे।

23 वर्षीय शाहीन ने 52 टी20 में 64 विकेट हासिल किए हैं। शाहीन ने एचबीएल पीएसएल में लाहौर कलंदर्स की कप्तानी भी की है।

मिली जानकारी के अनुसार वनडे फॉर्मेट में पाकिस्तान के कप्तान की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# मोहम्मद हफीज पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के निदेशक बने



लाहौर , पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान मोहम्मद हफीज को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया। मोहम्मद हफीज ने पाकिस्तान के लिए 55 टेस्ट, 218 वनडे और 119 टी20 मैच खेले हैं और 12,780 रन बनाए हैं और 253 विकेट लिए हैं। बुधवार को बाबर आजम के कप्तानी से हटने के बाद शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी को पाकिस्तान टेस्ट और टी20ई कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है।

हालांकि, पीसीबी ने अभी तक वनडे कप्तान की घोषणा नहीं की है। हफीज हाल ही में पीसीबी क्रिकेट तकनीकी समिति का हिस्सा थे।

पूर्व ऑलराउंडर पाकिस्तान पुरुष टीम का हिस्सा थे, जिसने 2017 में इंग्लैंड में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।यूके में पंजीकृत एक खिलाड़ी प्रबंधन कंपनी के कथित स्वामित्व के कारण हितों के टकराव के विवाद के बीच मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक के पद से इस्तीफा देने के बाद पीसीबी ने मंगलवार को पाकिस्तान चयन समिति को बर्खास्त कर दिया था। पीसीबी ने बाबर को इस्तीफा देने के लिए कहकर ओवरहाल पूरा किया।

# बाबर आजम ने छोड़ी पाक क्रिकेट टीम की कप्तानी, लिखा भावुक पोस्ट

इस्लामाबाद ,विश्व कप क्रिकेट में खराब प्रदर्शन के साथ लौटी पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए बुरी खबर है। टीम के कप्तान बाबर आजम ने पाकिस्तान की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। बाबर ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से इस्तीफा दिया है। उन्होंने एक नोट के जरिये इस्तीफा दिया। इसमें उन्होंने लिखा कि यह फैसला लेने का सही समय है।बाबर ने लिखा, मुझे अच्छे से याद है जब पीसीबी की ओर से 2019 में मुझे पाकिस्तान की कप्तानी के लिए बुलावा आया था। पिछले चार सालों में मैंने मैदान पर और उसके बाहर कई उतार–चढ़ाव देखे हैं, लेकिन मैंने दिल और जुनून से क्रिकेट जगत में पाकिस्तान के गौरव को बनाए रखने का लक्ष्य रखा।

सफ़ेद गेंद की क्रिकेट में नंबर एक टीम बनना खिलाड़ियों, कोच और मैनेजमेंट के संयुक्त प्रयास का फल था, लेकिन मैं पाकिस्तान के क्रिकेट फैंस को भी धन्यवाद कहना चाहूंगा क्योंकि उन्होंने इस सफर में खूब साथ दिया। विश्व कप 2023 में बाबर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और नौ मैचों में उनके बल्ले से 40 की औसत से केवल 320 रन ही निकले। हालांकि, वह पाकिस्तान के लिए तीसरे सर्वाधिक रन



बनाने वाले बल्लेबाज़ रहे। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में कुल खेले नौ में से पांच मैच गंवाए और केवल चार में ही उन्हें जीत मिली थी। आठ अंकों के साथ उन्होंने टूर्नामेंट की समाप्ति पांचवें स्थान पर रहते हुए की थी। बाबर ने आगे लिखा, आज मैं सभी फ़ॉर्मेट में पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ रहा हूं। यह कठिन निर्णय है, लेकिन मुझे लगता है कि इसके लिए यह सही समय है। मैं तीनों फ़ॉर्मेट में खिलाड़ी के तौर पर पाकिस्तान के लिए खेलता रहूंगा। मैं अपने अनुभव और समर्पण के साथ नए कप्तान और टीम को समर्थन देने के लिए मौजूद हूं। इस जिम्मेदारी के लिए मेरे ऊपर भरोसा दिखाने के लिए मैं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद कहना चाहूंगा।

# श्रेयस अय्यर का क्रिकेट करियर, अपने प्रदर्शन के बल पर बन गए हैं भारतीय टीम के मिडिल—ऑर्डर की जान

नई दिल्ली। भारत के मध्यक्रम के धाकड़ बल्लेबाज श्रेयस संतोष अय्यर का जन्म 6 दिसंबर 1994 को मुंबई में हुआ। उनके पिता संतोष अय्यर तमिलियन हैं और उनकी मां रोहिणी तुलुवा हैं। उनके पूर्वज केरल के त्रिशूर से हैं। श्रेयस अय्यर की कमाई लभगभ 70 करोड़ रुपये सलाना है। वह दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। घरेलू क्रिकेट में श्रेयस अय्यर ने 139 मैच की 131 पारियों में 5490 रन बनाए हैं। अय्यर ने 47.32 की औसत और 97.73 की स्ट्राइक रेट से 12 शतक और 34 अर्धशतक ठोके हैं। अय्यर घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलते हैं। 18 साल की उम्र में अय्यर को कोच प्रवीण आमरे ने शिवाजी पार्क जिमखाना में देखा था। आमरे ने उन्हें क्रिकेट के शुरुआती दिनों में प्रशिक्षित किया था। उन्होंने 2014 आईसीसी अंडर–19 क्रिकेट विश्व कप में भारत अंडर–19 क्रिकेट टीम के लिए खेला था। उन्हें 2023 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया और नीदरलैंड्स के खिलाफ अपना पहला वर्ल्ड कप शतक जड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में लगातार दूसरा शतक जड़ा।



**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर**

वह भारतीय टीम के लिए सभी प्रारूपों में खेल चुके हैं। अय्यर ने नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट मैच में शतक और दूसरी पारी में अर्धशतक बनाया था। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। श्रेयस ने भारत के लिए 10 टेस्ट मैच की 16 पारियों में 666 रन बना चुके हैं। अभी तक एक ही शतक जड़ा है। पांच अर्धशतक जड़े हैं।

**श्रेयस अय्यर के रिकॉर्ड**

2014 अंडर–19 वर्ल्ड कप में लगातार पांच अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड श्रेयस अय्यर के नाम है।

2014 में श्रेयस अय्यर ने यूके ट्रेंट ब्रिज क्रिकेट टीम के लिए तीन मैच खेले। जहां उन्होंने सर्वाधिक 171 रन बनाए और 99 की औसत से 297 रन बनाए।

2015–2016 रणजी ट्रॉफी के दौरान वह 13 पारियों में 71 की शानदार औसत से 930 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर थे। जहां उन्होंने 3 शतक और चार अर्धशतक बनाए।

रणजी सीजन में 1300 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी।

23 साल और 142 दिन की उम्र में श्रेयस अय्यर आईपीएल टीम दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के इतिहास में सबसे कम उम्र के कप्तान बने थे।

श्रेयस अय्यर लगातार तीन टी20 में अर्धशतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com